

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने भंसाली को दिया धन्यवाद

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 297 ■ सोमवार, 26 फरवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## वालधुनी नदी प्रदूषण मुक्ति की दिशा में एक और कदम



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंबरनाथ, बदलापुर एमआईडीसी की रासायनिक कंपनियों को वालधुनी नदी में बड़ी मात्रा में दूषित रसायनों को छोड़ने से रोकने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। इसलिए, एमआईडीसी द्वारा एक निविदा जारी करने के बाद, रासायनिक पानी को उपचारित करने और एमआईडीसी में सीवेज प्लांट के माध्यम से अंबरनाथ में फॉरेस्ट नाका से कल्याण वसई खाड़ी तक 17.5 किमी पाइपलाइन के माध्यम से सीधे खाड़ी में छोड़ने के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। अंबरनाथ एमआईडीसी प्रशासन की ओर से मोरीवली, चिखलोली एमआईडीसी में रासायनिक पानी को संग्रहित करने के लिए एक बड़े टैंक का निर्माण किया गया है। इस बीच, वालधुनी नदी को प्रदूषित करने के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव के अनुसार एमआईडीसी ने एक और कदम उठाया है और एमआईडीसी द्वारा अंबरनाथ के फॉरेस्ट नाका से कल्याण वसई खाड़ी तक 17.5 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। इससे वालधुनी नदी को बड़े पैमाने पर प्रदूषण से मुक्त होने में मदद मिलेगी.

कंपनी मैनेजर एमईपीएल और ज्ञान मुंबई तथा साथ ही ज्वाइंट वेंचर प्रोजेक्ट प्रभारी जुबेर देशमुख, कार्यकारी अभियंता एमआईडीसी अंबरनाथ रमेश पाटिल, उप अभियंता सुधीर कुंभार, सहायक अभियंता अनिल सालुंखे ने आश्वासन दिया है कि वे प्रदूषण को खत्म करने की दिशा में एक और कदम उठाकर आगे बढ़ेंगे। इसलिए भविष्य में वालधुनी नदी को प्रदूषण से मुक्त होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

## क्राइम डायरी...

### तलवार और चॉपर के साथ गुंडों का हंगामा

**उल्हासनगर.** कैंप नंबर-5 नेताजी चौक के रिहायशी इलाके में तलवार और चॉपर लेकर आए एक टोली ने हंगामा किया. यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. इस मामले में हिललाइन पुलिस गिरोह की तलाश कर रही है और बताया जा रहा है कि मोमोज खाने को लेकर विवाद हुआ था. उल्हासनगर पूर्व के नेताजी चौक पर सन्नी सोनकर नाम का युवक ठेले पर मोमोज बेचने का धंधा करता है। तीन दिन पहले एक ग्रुप मोमोज खाने आया था. लेकिन भुगतान न करने पर उनके बीच विवाद हो गया। इसी गुस्से में यह गुंडों की टोली सोनकर के घर पहुंच गई और हाथों में तलवार व चॉपर लेकर गाली-गलौज व मारपीट करने लगे. यह सब सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिससे गुंडागर्दी की यह घटना सामने आई. सोनकर द्वारा हिललाइन थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया गया.

# शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से राहत

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों को चुनाव कार्य से बाहर रखने का दिया आदेश

■ **मनसे ने की थी मांग**

**ठाणे.** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों को चुनाव कार्य से बाहर करने का स्पष्ट आदेश दिया है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इसकी मांग की थी. इस बीच मुख्य चुनाव अधिकारी ने मनसे की मांग मान ली है. अमित ठाकरे ने फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है. हालाँकि, चुनाव आयोग ने यह भी रुख अपनाया कि स्कूलों के कामकाज को छोड़कर शिक्षकों को काम देने में कोई समस्या नहीं है क्योंकि यह एक राष्ट्रीय कार्य है।



### चुनाव आयोग ने क्या कहा?

सेंट मैरी स्कूल और अन्य के इस अदालती मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के मुताबिक शैक्षणिक ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को केवल छुट्टियों, गैर शैक्षणिक दिनों और गैर शैक्षणिक समय में ही मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य दिया जा सकता है.

उच्च न्यायालय रिट याचिका क्रमांक. इस न्यायालयीन प्रकरण 335/2013 में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 29 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 159 के अंतर्गत स्टाफ उपलब्ध कराये जाने के संबंध में निर्णय दिया गया है। तदनुसार, वास्तविक चुनाव अवधि के दौरान निजी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त विद्यालयों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के लिए 03 दिन और मतदान दिवस के लिए 02 दिन प्रदान करने का प्रावधान है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और कपिल हरिश्चंद्र पाटिल के पत्र के विषय-वस्तु पर गौर करें तो फरवरी से अप्रैल तक का समय अकादमिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण समय है. इस दौरान विभिन्न स्कूलों की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। अतः उनकी यह भावना उचित है कि शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी तथा मतदाता सूची के कार्य में स्थायी कार्य देना विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए हानिकारक हो सकता है।

हालाँकि, चूंकि चुनाव का कार्य भी महत्वपूर्ण और अत्यावश्यक है और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के विशिष्ट प्रावधानों के अनुसार, संबंधित स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ सरकार के लिए भी इस उद्देश्य के लिए आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है। हालाँकि, उक्त स्टाफ उपलब्ध कराते समय शिक्षकों के अलावा पत्र दिनांक 04.10.2022 में उल्लिखित अन्य श्रेणियों के स्टाफ को भी उपलब्ध कराया जा सकता है। इच्छुक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को बीएलओ की ड्यूटी देने का विकल्प भी होना चाहिए।

इसी प्रकार, चुनाव आयोग ने कहा है कि यदि कोई कर्मचारी जो शैक्षिक ड्यूटी पर है, उसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया जाता है, तो उसे शिक्षण दिवस और शिक्षण समय पर चुनाव कार्य नहीं दिया जाएगा।

### पूरे महाराष्ट्र के शिक्षकों को मिले राहत

इस बीच विधान परिषद विधायक सत्यजीत तांबे ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है. यह मुद्दा केवल मुंबई तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूरे महाराष्ट्र के शिक्षकों और छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए तांबे ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि राज्य के सभी छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षकों को चुनाव और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों से बाहर रखा जाना चाहिए।

## बुलेट की ठोकर से एक्सिस बाइक सवार घायल

**उल्हासनगर.** पंजाबी कालोनी से जीरा चौक की तरफ जा रहे एक्सेस बाइक को बुलेट ने तेज गति से आते हुए टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में एक्सेस बाइक सवार घायल हो गया. उसके पैर में चोटें आई हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुनिल दादाराव बोराडे (33) अपने मित्र संजय यशवंत सुरडकर (51) के साथ 23 फरवरी को 4 बजे के करीब अपनी सुजुकी एक्सिस बाइक (क्र. एमएच 05 इजी 0889) से जा रहे थे. पंजाबी कालोनी, जीरा चौक के पास एक बुलेट सवार खेमानी की तरफ से तेज गति से आया और सुजुकी एक्सेस को टक्कर मारकर भाग गया. इस दुर्घटना में सुनिल बोराडे के पैर की तीन उंगलियां घायल हो गईं. सेंट्रल पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337 समेत मोटर वेहिकल एक्ट 184, 134 (अ) 134 (ब) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस निरीक्षक रविंद्र पाखरे जांच कर रहे हैं.

## आयुक्त अजीज शेख के मार्गदर्शन में सिंगल विंडो काउंटर शुरू

# स्टाम्प ड्यूटी अभय योजना में तेजी

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार ने स्टांप शुल्क और जुर्माने की राशि पर रियायत देने या माफ करने की योजना की घोषणा की है। तदनुसार, आयुक्त अजीज शेख के मार्गदर्शन में, सहायक निदेशक शहरी विकास ललित खोब्रागड़े ने उल्हासनगर में सोसायटियों के पंजीकरण और योजना प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सिंगल विंडो काउंटर शुरू किया है.




स्टाम्प ड्यूटी पर अभय योजना की घोषणा दो चरणों में की गई है। प्रथम चरण में 31 जनवरी 2024 तक आवेदन जमा करने पर 1 लाख रुपए तक की राशि पर स्टाम्प ड्यूटी एवं पेनाल्टी में 100 प्रतिशत की छूट एवं स्टाम्प ड्यूटी एवं एक लाख से अधिक की राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और दंड में 100 फीसदी छूट मिलेगी. इसके अतिरिक्त, दूसरा चरण 1 फरवरी से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के लिए है और इसमें 1 लाख रुपये तक के ग्राहकों को 80 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी छूट और 80 प्रतिशत जुर्माना माफी, वहीं 1 लाख से ऊपर की रकम पर 40 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी छूट और 70 फीसदी जुर्माना माफ कर दिया गया है. इस संबंध में आयोजित कार्यशाला में स्टांप शुल्क जमा करते समय 1980 में निर्मित भवन के मूल दस्तावेज, आवासीय निर्माण के लिए भूमि खरीद की तारीख का प्रमाण, बैंक स्टेटमेंट, लेनदेन प्रमाण यदि कोई हो तो। जमीनें एक से दूसरे को, दूसरे से तीसरे को, चौथे को बेची गईं हों और यदि वे जीवित न हों तो उनका मृत्यु प्रमाणपत्र आदि सबूतों की लंबी चौड़ी लिस्ट के संबंध में वकील प्रकाश कुकरेजा, पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष राजेश वधारिया, उद्योगपति राजा गेमनानी और अन्य ने आपत्ति जताई। ऐसे दस्तावेजी सबूत कैसे जुटाएं? पूर्व-मृत रिकॉर्ड कैसे प्राप्त करें? बैंक स्टेटमेंट कैसे प्राप्त करें? और भी सवाल उठाए गए.

ठाणे ग्रामीण के जिला रजिस्ट्रार और कलेक्टर ओमप्रकाश जांभले, मनपा आयुक्त अजीज शेख, शहरी विकास के सहायक निदेशक ललित खोब्रागड़े ने स्पष्ट किया था कि इतने सारे दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन कुछ सबूत दिए जाने चाहिए। यह भी वादा किया गया कि शहर में एक विंडो काउंटर शुरू किया जाएगा. उसी के तहत महानगर पालिका की ओर से तहसील कार्यालय के पास रजिस्ट्रार कार्यालय में एक काउंटर शुरू किया गया है और स्टांप शुल्क अभियान को गति मिलने की संभावना है।

## अंबरनाथ प्लेटफार्म क्र. 2 की हालत खस्ता

■ **मुसाफिरों की जान को खतरा**

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र. 2 का आखिरी भाग टूटा होने के कारण लोकल ट्रेन में चढ़ने एवं उतरनेवालों की जान खतरे में पड़ गई है.



इसकी शिकायत रेल प्रशासन से करने के बावजूद प्रशासन इन तरफ ध्यान नहीं दे रहा है. इस प्लेटफार्म पर मुंबई से आनेवाली लोकल ठहरती है. हॉल्ट करने के बाद दोबारा इसी प्लेटफार्म से मुंबई के लिए लोकल रवाना होती है. शाम के समय अंबरनाथ आनेवाली लोकल पूरी तरह भर कर आती है. कुछ मुसाफिर लोकल रुकने से पहले ही चालू ट्रेन में ही उतरते हैं. प्लेटफार्म का ये टूटे हुआ भाग से मुसाफिर हादसे का शिकार हो सकती है. इसी तरह अंबरनाथ से मुंबई की ओर छूटने वाली चलती लोकल को भाग पर मुसाफिर पकड़ते हैं. चढ़ते एवं उतरते समय ये मुसाफिर हादसे का शिकार हो सकते हैं. अगर ऐसा हुआ तो उसका जिम्मेदार कौन? ऐसा प्रश्न लोग सोशल मीडिया पर कर रहे हैं.

इसी प्लेटफार्म के समक्ष के प्लेटफार्म पर स्टेशन मास्टर, जीआरपी एवं आरपीएफ का कार्यालय बी है. रेलवे के इंजीनियर का भी कार्यालय है. उनको इस ओर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है.

## राष्ट्रीय लोक अदालत 3 मार्च को

■ **यातायात विभाग से शीघ्र संपर्क करने की अपील**




**उल्हासनगर.** ठाणे आयुक्तालय की सभी अदालतों में 3 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जो नागरिक अपने वाहन संबंधी मामलों को लोक अदालत में सुलह-समझौते के बाद जुर्माना राशि कम करके निपटारा कराना चाहते हैं, वे 4 से 5 दिनों के भीतर निकटतम यातायात उपविभाग से संपर्क करें. अदालत में आवश्यक दस्तावेज पूरे करने चाहिए। ताकि 3 मार्च 2024 को लोक अदालत के दिन कोर्ट में लंबित जुर्माने की राशि कम हो जाए और वाहनों के खिलाफ लंबित मामलों का निपटारा हो जाए. परिवहन उपायुक्त डॉ. विनय कुमार राठौड़ ने जानकारी दी है कि जो नागरिक 3 मार्च 2024 को लोक अदालत में सीधे उपस्थित होंगे, उनकी बकाया जुर्माना राशि कम नहीं होगी, उन्हें पूरी राशि चुकानी होगी.

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाता है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस वाहन चालक के रजिस्टर्ड मोबाइल पर जुर्माना चालान भेजकर जुर्माना राशि वसूल करती है. जुर्माना देने में लापरवाही बरतने वाले ड्राइवरों पर मुकदमा चलाया जाता है। हालाँकि, ऐसे कई मामले लंबित हैं और अदालत उन मामलों को निपटाने के लिए हर तीन महीने में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करती है। चूंकि इसे वाहन चालकों से बहुत कम प्रतिक्रिया मिल रही है, इसलिए इस बार जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, ठाणे और परिवहन विभाग, ठाणे शहर की ओर से नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में समझाने और इसमें समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। पिछली लोक अदालत अवधि के दौरान उनके खिलाफ दायर मामलों, पुलिस उपायुक्त (यातायात) के कार्यालय ने तीन हाथ नाका पर एक हेल्पडेस्क शुरू किया था। इस दौरान अधिक से अधिक वाहन चालकों, आम नागरिकों को लोक अदालत के साथ-साथ उनके खिलाफ दायर मामलों में जुर्माने की राशि कम करने के बारे में जागरूक किया गया।

## कार्तिकेय मंदिर तक सीमेंट रास्ता निर्माण का भूमिपूजन

■ **विधायक निधि से एक करोड़ खर्च किए जाएंगे**

■ **पूर्व नगरसेवक मुक्कू लेनिन का सफल प्रयास**

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है. गली कूचे में तक सीमेंट की सड़क बनाने के लिए विधायक निधि में से खर्च किए जा रहे हैं. अब उन्होंने शहर पश्चिम में जावसई में कार्तिकेय मंदिर तक सीमेंट कांक्रीट रास्ते के निर्माण की शुरूआत की है. परिसर के पूर्व नगरसेवक लेनिन मुक्कू के प्रयास से यहां पर विधायक ने अपनी निधि में से एक करोड़ रुपए दिए हैं. कार्तिकेय मंदिर तक को जाने का रास्ता कई वर्षों से बनाया नहीं गया था. ये रास्ता कच्चा होने के कारण बारिश में कीचड़ में से भक्तों को आना जाना पड़ता था. उन्होंने मुक्कू लेनिन से शिकायत करने पर उन्होंने विधायक से कांक्रीट रास्ते के लिए निधि की मांग की, जो विधायक ने मंजूर की. शनिवार को इस रास्ते का भूमिपूजन विधायक किणीकर, मान्यवरों एवं कार्तिकेय मंदिर के पुजारी, भक्तों के हाथों किया गया. भक्तों ने एवं निवासियों ने किणीकर एवं मुक्कू लेनिन का आभार व्यक्त किया.



भूमिपूजन के समय पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख, विकास, राहुल सोमेश्वर, मंदिर के अन्नादुराई, शिवकुमार मुदलियार, जयदीप रसाल, वंदना पाटिल, बाला सर आदि उपस्थित थे. पूर्व मुख्यमंत्री मनोजर जोशी के निधन पर उन्हें खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मुक्कू लेनिन ने आभार व्यक्त किया.

## मनपा के सामान भंगार के हवाले

■ **पुरानी पानी टंकी को ठेकेदार ने सफाई कर्मी को बेचा**

■ **भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनपा पर लगाया आरोप**

■ **ठेकेदार व अधिकारी मिलकर करते हैं भ्रष्टाचार**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका अपने लगाए या रखे हुए सामानों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है। लाखों रुपयों में जो साहित्य मनपा द्वारा खरीदे गए हैं वो चाहे दुरुस्त हो या नादुरुस्त दोनों की सुरक्षा करने में मनपा फेल हो गई है जिस कारण भंगार वालों की चांदी हो गई है और आए दिन सामान या तो चोरी हो जाते हैं या ठेकेदार अधिकारियों के साथ मिलकर उसे अपना माल समझकर बेच देते हैं। ऐसी ही एक घटना सामने आयी है। उल्हासनगर-4 चारंग बाबा नगर में 5 हजार लीटर की पानी की पुरानी टंकी को बदलने का पत्र विधायक गणपत गायकवाड़ ने मनपा को दिया था लेकिन वहां लोगों के लिए लगाई गई वो पुरानी टंकी को ठेकेदार द्वारा सामने भंगार वाले को बेचने का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया है। उनका आरोप है कि मनपा के अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर नया भ्रष्टाचार शुरू किया है। इस तरह के भंगार कांड पिछले कुछ माह पूर्व मनपा कार्यालय में भी नए कंप्यूटर साहित्य को बेचने के दौरान घटे थे। इन भंगार बेचने में भारी भ्रष्टाचार की जानकारी हमें मिली है।

## सोसायटी के चेयरमैन व सचिव पर अपराध दर्ज

■ **नगर परिषद ने की शिकायत**

■ **18 पेड़ बिना अनुमति काट डाले**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में शिवाजी नगर को.ऑप. हौ. सोसायटी के चेयरमैन और सचिव पर अंबरनाथ नगर परिषद उद्यान विभाग के निरीक्षक ने प्लॉट में 18 वृक्ष को बिना अनुमति तोड़ने के लिए अपराध पंजीकृत किया है. तापी, तुलसी, त्रिवेणी बिल्डिंग सोसायटी के चेयरमैन लालबहादुर यादव और सचिव आशीष जंगम के विरुद्ध 21.11.23 को नपा अति. मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर ने नोटिस जारी किया था कि शिवालिक नगर सोसायटी में 18 वृक्ष तोड़े जाने का पंचनामा किया गया है. तापी बिल्डिंग के बाजू में अमरूद, सीताफल, अशोक, बेल, आम के एक-एक वृक्ष तोड़े गए हैं. तुलसी व त्रिवेणी बिल्डिंग के पास अशोक के 11, जामुन के 2 अंदाजे 12 फुंट ऊंचे वृक्ष तोड़ कर जमींदोज़ किए गए हैं. ऐसे 18 वृक्ष बिना अनुमति के तोड़े जाने का निर्देश में आया है.



महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र वृक्ष संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 की धारा 20 व 21 का भंग किया गया है. नपा की बिना अनुमति के ये वृक्ष तोड़ गए हैं. अधिनियम कलम 20 (1) अनुसार प्रति वृक्ष 1 हजार से एक लाख का जुर्माना व एक वर्ष तक सजा का प्रावधान है. वृक्ष क्यों तोड़ गए हैं. इसका खुलासा 7 दिनों में कार्यालय को नहीं दिया गया तो आप पर कार्रवाई की जाएगी, ऐसा नपा द्वारा चेयरमैन, सचिव को दिए गए नोटिस में अति. मुख्याधिकारी ने कहा है. दोनों पर उद्यान निरीक्षक जितेंद्र केदारे ने पुलिस में भी अपराध पंजीकृत कराया है.

## गणपत गायकवाड़ द्वारा पुलिस थाने में की गई फायरिंग मामले पर राज ठाकरे ने उठाए सवाल

# 'फायरिंग घटना में गहन जांच की जरूरत'

**उल्हासनगर.** बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ ने कल्याण के एक पुलिस स्टेशन में घुसकर कल्याण पूर्व शिव सेना (शिंदे समूह) के शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोली चला दी, जिससे राज्य की राजनीति में बड़ा हंगामा मच गया। इस गोलीबारी मामले पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने टिप्पणी की है. उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का भी जिक्र किया. राज ठाकरे ने कहा, कल्याण में गोलीबारी की घटना का राजनीतिक पहलू है.





मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा, मुझे लगता है कि हमें इस बात की गहराई में जाना चाहिए कि विधायक गणपत गायकवाड़ ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया? कोई आदमी इतनी चरम सीमा तक क्यों जाएगा? कोई आदमी पुलिस स्टेशन में जाकर गोली क्यों चलाएगा? इसकी भी जांच होनी चाहिए. कोई ऐसा निर्णय क्यों लेगा? आपने थाने जाकर फायरिंग करने जैसा अतिवादी कदम क्यों उठाया होगा? उस व्यक्ति की मानसिक स्थिति क्या होगी? इतना बड़ा कदम उठाने की नौबत क्यों आई होगी? इस मामले को यहां तक कौन लाया? इसकी गहन जांच की जरूरत है.

■ **विजय वडेट्टीवार ने भी साधा था निशाना**

कांग्रेस नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने उल्हासगर में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था. इसमें उन्होंने हमले के बाद गणपत गायकवाड़ ने जो कहा था, उसके बारे में कुछ दावे किए। 'एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को धोखा दिया, वह बीजेपी को भी धोखा देने जा रहे हैं। एकनाथ शिंदे ने दूसरों की जिंदगी बर्बाद कर दी. जब तक एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री रहेंगे महाराष्ट्र में अपराधी ही पैदा होंगे। शिंदे महाराष्ट्र में गैंगस्टर बनाने का काम कर रहे हैं. एकनाथ शिंदे ने मेरे करोड़ों रुपये खा लिए, उन्होंने और उनके सांसद बेटे ने हर जगह भ्रष्टाचार फैलाया है। ये सारी बातें मैंने गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने उठाईं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की' ये हमले के वक्त महागठबंधन के विधायक गणपत गायकवाड़ के शब्द हैं.

## होंडा डिओ स्कूटर चोरी

**बदलापुर.** गांधी चौक, बदलापुर पूर्व में आयोजित माघी गणेशोत्सव में दर्शन के लिए आए दम्पति की होंडा डिओ स्कूटर चोरी हो गई. मिली जानकारी के अनुसार सुरोजीत विश्वनाथ शिल (34) 21 फरवरी को अपनी पत्नी के साथ माघी गणेशोत्सव में दर्शन करने के लिए आए थे. उन्होंने अपनी होंडा डिओ स्कूटर (क्र. एमएच 05 बीएन 4509) एक्सिस बैंक के एटीएम के पास, गांधी चौक, बदलापुर पूर्व में खड़ी की थी. रात 9.30 से 10.30 के दरम्यान अज्ञात चोर स्कूटर ले गया. जिसकी कीमत 15 हजार रुपए है. बदलापुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण अमृतकर मामले की जांच कर रहे हैं.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## पंचायतों को और अधिक प्रभावी बनायें

भारत में पंचायत राज व्यवस्था के इतिहास में 24 अप्रैल 1993 का दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन पंचायत राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम लागू हुआ था। पंचायत राज व्यवस्था नागालैंड, मेघालय, मिजोरम और दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद है। त्रिस्तरीय प्रणाली ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत (जीपी), ब्लॉक/मंडल स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद है। पंचायत राज मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, देश भर में 2,55,623 ग्राम पंचायतें हैं, जिसके बाद मध्यवर्ती पंचायतें (6,697) और जिला परिषदें (665) हैं। ये कृषि, ग्रामीण आवास, जल प्रबंधन, ग्रामीण विद्युतीकरण, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता सहित विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं। कुछ मामलों में, जिला परिषदें स्कूलों, अस्पतालों, औषधालयों और लघु सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव के लिए भी जिम्मेदार हैं। चूंकि उन्हें धन के लिए केंद्र और राज्य पर निर्भर रहना पड़ता है, अधिकांश पंचायतें शीर्ष दो स्तरों के हस्तक्षेप से पीड़ित होती हैं। पिछले अगस्त में, कई पंचायत प्रमुखों ने पंचायत राज संस्थानों के लिए अधिक स्वायत्तता की मांग करते हुए चेन्नई में विरोध प्रदर्शन किया। कई पंचायतें वित्तीय बाधाओं का सामना करती हैं, जिससे विकास परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से निष्पादित करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। केंद्र और राज्य सरकारों के और आवंटन बढ़ाने से कुछ हद तक पंचायतों के राजस्व में मदद मिल सकती है। बिचौलियों के माध्यम से धनराशि भेजने के बजाय सीधे पंचायतों को धनराशि हस्तांतरित की जा सकती है। संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद, सरकार के उच्च स्तर से राजनीतिक हस्तक्षेप एक चुनौती बनी हुई है। पंचायतों को सरकार के उच्च स्तर द्वारा उनके लिए निर्णय लेने के बजाय धन के आबंटन और उपयोग के बारे में निर्णय लेने का अधिकार दिया जाना चाहिए। पंचायत सदस्यों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम उन्हें वित्तीय संसाधनों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और विकास परियोजनाओं को लागू करने में सक्षम बनाएंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दों को नियमित बैठकें आयोजित करके, सूचना प्रकाशित करके, ई-गवर्नेंस प्रणाली लागू करके और इसके माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। सामाजिक अंकेक्षण का संचालन. इस संबंध में, मंत्रालय ने एक उपयोगकर्ता-अनुकूल वेब-आधारित पोर्टल ई-ग्राम स्वराज लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य विकेंद्रीकृत योजना, वित्तीय प्रबंधन, कार्य-आधारित लेखांकन आदि में बेहतर पारदर्शिता लाना है।

# माउंट कैलाश के करीब चीन खेल रहा नया बॉर्डर गेम!

पश्चिमी तिब्बत की एक समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है, विशेष रूप से भारत, नेपाल और तिब्बत के बीच सीमा के निकट, कैलाश पर्वत के निकट। यह पुरंग/तकलाकोट और कुछ किलोमीटर दूर स्थित टोयो नामक स्थान का मामला है, जो जनरल ज़ोरावर सिंह के डोगरा और तिब्बती सैनिकों के बीच हुए महाकाव्य युद्ध के लिए इतिहास में दर्ज हो गया है। दिसंबर 1841 में, डोगरा सैनिक, जिन्होंने हाल ही में पश्चिमी तिब्बत (जिसे नगारी के नाम से जाना जाता है) पर विजय प्राप्त की थी, तिब्बतियों से हार गए थे - और सर्दियों से भी।

महान तिब्बती इतिहासकार, त्सेपोन शाकबपा ने तकलाकोट/टोयो की लड़ाई का वर्णन इस प्रकार किया: "तिब्बती सरकार ने तुरंत कैबिनेट मंत्री पेलहुन के नेतृत्व में दापोन [जनरल] शेड्रा वांगचुक ग्यालपो और त्सांग [मध्य तिब्बत] मिलिशिया को भेजा; जब वे नगारी पहुंचे, तो विदेशी सेना की एक रेजिमेंट [डोगरा] रुतोक [पैंगोंग-त्सो के पास] में, दूसरी ट्रैशिगांग में [लद्दाख सीमा पर डेमचोक के पास], और तीसरी रूपशो में [लद्दाख में] तैनात थी। . प्रत्येक [डोगरा] इकाई का सामना करने के लिए तिब्बती सैनिकों के लिए गुप्त तैयारी की गई थी। जोरावर सिंह और सबसे अनुभवी [डोगरा] सैनिक, जो तकलाखार [तकलाकोट] कैसल [वास्तव में तोयो में] में तैनात थे, उनका सामना हुआ... ग्यारहवें महीने [दिसंबर 1841] में, वर्ष के सबसे ठंडे मौसम के दौरान, तिब्बती सैनिकों ने हमला किया सभी दिशाओं से एक साथ।



शकबपा के अनुसार, ज़ोरावर सिंह और उनके सैनिकों का भाग्य तय हो गया था: "लड़ाई शुरू होने के तीन दिन बाद, भारी बर्फबारी हुई। इस प्रकार, तकलाकोट में मौजूद सिख सैनिक ठोस हो गये। अपनी कठिनाइयों से कांपते हुए, सिखों पर तिब्बतियों द्वारा भयानक आमने-सामने की लड़ाई में हमला किया गया...जब जोरावर सिंह अपने घोड़े पर सवार होकर आगे-पीछे दौड़ रहे थे, तो उन्हें मिकमार नामक एक यासोर ने पहचान लिया। उसने भाला फेंका और जोरावर सिंह घोड़े से गिर गये। अपने घोड़े से छलांग लगाकर, मिकमार ने सिंह का सिर काट दिया और उसे तिब्बती शिविर के बीच में ले गया। इसे सिख [डोगरा] सैनिकों ने देखा, और वे जैसे भी हो सके भाग गए।"

कुछ महीने बाद, महाराजा गुलाब सिंह ने लद्दाख पर आक्रमण करने की कोशिश कर रही तिब्बती सेना को कुचल दिया। दापोन ज़ुरखांग और दापोन पेल्ज़ी को पकड़ लिया गया और लेह ले जाया गया, जहां डोगरा और तिब्बतियों के बीच एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे एक बार फिर लद्दाख और तिब्बत के बीच पारंपरिक सीमा की पुष्टि हुई। हाल ही में चर्चा में आए टोयो में जोरावर सिंह की कब्र आज भी मौजूद है, लेकिन अलग-अलग कारणों से।

चीनी मीडिया के एक लेख में टोयो में एक नवनिर्मित गांव का उल्लेख किया गया है: "चीन ग्रामीण जीवन के माहौल में सुधार को बढ़ावा देना जारी रखता है, हरियाली [क्षेत्र], सौंदर्यीकरण और [जल] शुद्धिकरण पर पूरा ध्यान दे रहा है; टोयो में परिवर्तन एक सुंदर और रहने योग्य ग्रामीण इलाके के निर्माण के लिए नगारी क्षेत्र के प्रयासों की एक ठोस अभिव्यक्ति है। एक स्थानीय कम्युनिस्ट पार्टी कैडर बताते हैं कि पिछले तीन वर्षों के दौरान, अकेले पश्चिमी तिब्बत में, रहने योग्य, ₹औद्योगिक₹ और सुंदर गाँव बनाने के लिए कुल 31 परियोजनाएँ लागू की गई हैं; उनके शब्दजाल में यह होगा: ₹सुंदर अवकाश वाले गांवों, खुशहाल और रहने योग्य गांवों, साफ सुथरे गांवों के सिद्धांतों के अनुसार।₹

हालाँकि सैटेलाइट इमेजरी केवल एक मध्यम नदी-दर-नदी बांध दिखाती है, बिना किसी बड़े जलाशय के, भारत के डाउनस्ट्रीम को चिंतित होना चाहिए।




जब कोई क्रोधित व्यक्ति देखता है कि हम शांत हैं, तो वो अपने क्रोध के साथ अकेला रह जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# ब्लैक होल रोज एक सूर्य को खा रहा है

नर्क क्या होता है, इसका सबूत तो वैज्ञानिकों के पास नहीं है। लेकिन पूरे ब्रह्मांड की सबसे नारकीय जगह से परिचय कराने के लिए वैज्ञानिकों को धन्यवाद जरूर दिया जाना चाहिए। दरअसल, नेचर एस्ट्रोनॉमी के नए अंक में एक ब्लैक होल का वर्णन है, जो ब्रह्मांड की अब तक ज्ञात सबसे बड़ी डिस्क से घिरा है, जिसका नाम है जे 0529-4351, जो ब्रह्मांड की सबसे चमकीली वस्तु भी है। हालांकि, यह कोई पहला ब्लैक होल नहीं है। इससे पहले भी करीब दस लाख बड़े ब्लैक होल खोजे जा चुके हैं, जो आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं और करोड़ों सूर्य के बराबर हैं। पर तेजी से बढ़ रहा ये जे 0529-4351 ब्लैक होल कुछ अलग है।



यह तारों व गैस के बादलों को अपनी ओर खींचता हुआ अंगूठी जैसी आकृति बना रहा है, जो केवल एक पैटर्न है, जिसे ब्लैक होल जल्द ही निगल लेता है। यह डिस्क घर्षण से जल्द ही गर्म हो जाती है, क्योंकि इसमें मौजूद सामग्री के एक साथ रगड़ने से इतनी चमक पैदा होती है कि 12 अरब प्रकाश वर्ष से ज्यादा दूर पृथ्वी पर ब्लैक होल की भोजन प्रक्रिया के उन्मादी दृश्य देखे जा सकते हैं। जे 0529-4351 की डिस्क सूर्य की तुलना में पांच हजार खरब गुना ज्यादा तेज प्रकाश उत्सर्जित कर रही है।

ऊर्जा की इतनी मात्रा तभी उत्सर्जित हो सकती है, जब ब्लैक होल हर दिन एक सूर्य खा रहा हो। इसका द्रव्यमान हमारे सूर्य से 15 से 20 अरब गुना ज्यादा है। हालांकि हम पृथ्वी वालों को इससे डरने की जरूरत नहीं, क्योंकि इसकी रोशनी को हम तक पहुंचने में 12 अरब साल से ज्यादा का समय लगा है, जिसका अर्थ है कि इसने काफी पहले ही बढ़ना बंद कर दिया होगा।

ब्लैक होल की भोजन प्रक्रिया का यह उन्माद युगों पहले ही खत्म हो चुका है, क्योंकि आकाशगंगाओं में चारों ओर तैरने वाली गैसें ज्यादातर तारों में बदल गई हैं और उन्होंने अरबों वर्षों में खुद को एक व्यवस्थित पैटर्न में स्थापित कर लिया है। अब वे ज्यादातर अपनी आकाशगंगाओं के केंद्र में मौजूद ब्लैक होल के चारों ओर लंबी व साफ-सुथरी कक्षाओं में हैं।

सवाल उठता है कि यदि यह ब्रह्मांड की सबसे चमकीली चीज है, तो इसे अभी ही क्यों देखा गया? दरअसल, दुनिया के टेलिस्कोप इतना डाटा पैदा करते हैं कि खगोलशास्त्री इन्हें छानने के लिए परिष्कृत मशीन लर्निंग टूल का इस्तेमाल करते हैं। मशीन लर्निंग टूल अपनी प्रकृति से उन चीजों को ढूंढती है, जो पहले पाई गई चीजों के समान होते हैं। लेकिन जे 0529-4351 जैसे दुर्लभ स्तर को पहचानने के लिए हमने मशीन लर्निंग से परहेज करते हुए परंपरागत वेधशालाओं का उपयोग किया।

# लाल घेरे के बीच सफेद गोला, आखिर क्या है इसका मतलब?

जब आप रोड पर चलते हैं, तो आपको सिर्फ सामने की सड़क ही नहीं देखनी पड़ती, बल्कि सड़कों के किनारे लगे निशानों को भी पहचानना

**जरा हट के**

पड़ता है. इन निशानों के भरोसे ही आप आसानी से गाड़ी चला सकते हैं, और किसी मुसीबत में नहीं पड़ते. ऐसा अक्सर देखा गया है कि लोग कई तरह के साइनों को तो पहचान ही नहीं पाते हैं. ऐसे ही एक रोड के साइन के चर्चे सोशल मीडिया पर हैं. ये साइन आपको भारत में तो नहीं दिखेंगे, मगर ब्रिटेन में



बहुत आम हैं और अगर कोई भारतीय कभी ब्रिटेन जाकर गाड़ी चलाता है, तो उसके लिए इस साइन का मतलब जान लेना जरूरी है, क्योंकि इस निशान को देखकर आप गलती नहीं कर सकते.

रिपोर्ट के अनुसार ये निशान ब्रिटेन में आसानी से दिख जाता है. लोहे के गोल बोर्ड पर लाल रंग का घेरा बना होता है. इस घेरे के अंदर सफेद रंग का गोला बना होता है. कई बार इसके ऊपर कुछ नहीं लिखा होता. जबकि कभी-कभी इसके नीचे जानकारी लिखी होती है. आप जब इस घेरे को देखेंगे, तो लगेगा कि शायद प्रशासन ने इसपर नियम नहीं लिखा, या लिखना भूल गए. पर ऐसा नहीं है. रिपोर्ट के अनुसार इस साइन का अर्थ है कि आप उस जगह गाड़ी नहीं ला सकते (No Vehicle). अक्सर इस साइन के नीचे दूसरा साइन या जानकारी लिखी होती है कि कितने बजे तक आप गाड़ी नहीं ले जा सकते हैं. कई बार लिखा होता है कि गाड़ी नहीं, मगर साइकिल ले जाया जा सकता है. ऐसे में अगर आपके सामने ये निशान आ जाए, तो उस रास्ते जाने की गलती न करें, तुरंत दूसरा मार्ग तलाश लें.

वैसे भारत में भी ऐसे कुछ निशान रोड पर दिखते हैं, जिनके मायने समझना काफी मुश्किल होता है. कई पर तो जानकारी लिखी होती है, या ऐसे मार्क बने होते हैं, जो आसानी से समझा देते हैं. मगर कुछ कंफ्यूजिंग होते हैं. जैसे उल्टा बना त्रिकोण, जो ऊपर के गोले जैसा ही लाल और सफेद निशान में होता है. इसका अर्थ होता है कि पीछे चल रही गाड़ियों को रास्ता दें. ये भारत में नजर आ जाता है.

**खाना-खजाना**

# पालक का रायता



पालक और दही दोनों ही सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इन्हें खाने से सेहत से जुड़े कई फायदे मिल सकते हैं। दही तो पाचन के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इन्हें मिलाकर, आप पालक रायता बना सकते हैं, जो खाने में बेहद लाजवाब होता है और इसे अपने खाने में शामिल कर, आप खाने को और टेस्टी बना सकते हैं। जानें पालक रायता बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

- 250 ग्राम दही
- 1 टमाटर
- 1 प्याज
- काला नमक
- 2 हरी मिर्च
- पालक
- 2 चम्मच भुना हुआ जीरा
- 2 बड़े चम्मच तेल
- नमक

**विधि :**

हरी मिर्च और पालक को धोकर काट लीजिये। इन्हें एक कटोरे में अलग रख लें।

मध्यम आंच पर एक पैन रखें, तेल डालें। तेल गरम होने पर इसमें जीरा डालें और तड़कने दें। फिर इसमें पालक डालकर 5 मिनट तक भून लें। उसे ठंडा हो जाने दें।

एक बड़ा कटोरा लें, उसमें दही को चिकना होने तक फेंटें। अगर दही ज्यादा गाढ़ा लगे, तो इसमें आवश्कतानुसार पानी मिलाएं।

अब दही में सारी सामग्री और भूना हुआ पालक डालकर अच्छी तरह मिला लें। हरे धनिए से सजाइए। चाहें तो रायते तो ठंडा होने के फ्रिज में रखें या ऐसे भी खा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृषभ :** सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन :** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कर्क :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

**सिंह :** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला :** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मीन :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मौसमी बुखार को न करें नजरअंदाज

## स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह : सुरक्षित रहने के लिए बताए जरूरी उपाय

[redacted] दिनों मौसम में तेजी से [redacted] हो रहा है, दिन में अधिक तापमान और सुबह-शाम इसमें गिरावट वाला सीजन आपके लिए समस्याकारक हो सकता है। इस तरह के बदलते मौसम में आपके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन दिनों सीजनल फ्लू का समस्या अधिक देखी जाती रही है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनके बीमार पड़ने की खतरा ज्यादा हो सकता है। बीमारियों से बचाव को लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन दिनों में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है। सीजनल फ्लू, इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाला श्वसन संक्रमण है। यह दुनिया के सभी हिस्सों में आम है। अधिकांश लोग बिना उपचार के ही ठीक हो जाते हैं। इन्फ्लूएंजा का संक्रमण खांसने या छींकने से आसानी से फैलता है।

### मौसम में बदलाव और फ्लू की समस्या

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, संक्रमण को नियंत्रित करने और स्वस्थ रहने के लिए इन दिनों सभी लोगों को एहतियाती उपाय करना जरूरी है। यदि आप मौसमी फ्लू के लक्षणों का अनुभव करते हैं तो संक्रमण को फैलने से रोकने और परिवार के अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। इन्फ्लूएंजा के कारण बुखार होने या ठंड महसूस होने, खांसी-गला खराब होने, नाक बहने, मांसपेशियों या शरीर में दर्द के साथ थकान की दिक्कत बनी रहती है। कुछ लोगों को बुखार और लक्षणों को ठीक करने के लिए सामान्य उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

### मंत्रालय की सलाह?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसमी फ्लू के दौरान कुछ लोगों को उल्टी और दस्त हो सकते हैं, हालांकि यह वयस्कों की तुलना में बच्चों में अधिक आम है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी साक्षा करते हुए संक्रामक रोग से बचाव के लिए कुछ उपायों पर ध्यान देते रहने की सलाह दी है।

- घर पर रहें और लोगों के संपर्क में आने से बचें
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क अवश्य पहनें
- डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा लें।

मौसमी फ्लू के अधिकांश लक्षण 4 से 7 दिनों में दूर हो जाते हैं। खांसी और थकान हफ्तों तक बनी रह सकती है। बीमारी की स्थिति में भूख न लगने या खाने की इच्छा न होने की भी समस्या हो सकती है।

# वजन घटाने का ये है 5 सिंपल फॉर्मूला

### हर उम्र के लोगों के लिए है फायदेमंद

खराब जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, शारीरिक रूप से एक्टिव ना रहने से आजकल अधिकतर लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं. वजन बढ़ने से काफी लोग परेशान हैं. कई तरह के तरकीब आजमाने के बाद भी वजन घटने का नाम नहीं लेता है. आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. दीक्षा भावसार ने सभी उम्र के लोगों के लिए 5 बेहद ही सामान्य से वजन घटाने के टिप्स अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए हैं. आप डेली रूटीन में इसे फॉलो करके अपना वजन कंट्रोल में रख सकते हैं.

### 1. सर्केडियन रिदम फास्टिंग

सूर्योदय से सूर्यास्त तक हम सभी भोजन करते हैं, इसका मतलब ये है कि आप 12 घंटे खाते हैं और बाकी 12 घंटे उपवास करते हैं. उदाहरण के लिए, आमतौर पर लोग नाश्ता सुबह 7-8 बजे और रात का खाना 7-8 बजे तक कर लेते हैं. आप रात के खाने से लेकर अगले दिन के नाश्ते तक उपवास करते हैं. पानी के अलावा कुछ भी नहीं खाते/पीते हैं. यह आपके शरीर को आप जो कुछ भी खाते हैं, उसे पचाने और अनावश्यक सभी चीजों को बाहर निकालने में मदद करता है. 12 घंटे का उपवास करके आप अपने पेट को पर्याप्त आराम देते हैं. इससे आपका वजन भी कम होता है.

### 2. पर्याप्त पानी पीना

जब आप अधिक और पर्याप्त रूप से पानी पीते हैं तो आपके खाने की क्रेविंग कम होती है, क्योंकि यह आपको तृप्त करता है. पर्याप्त पानी पीना आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने का सबसे अच्छा तरीका है. यह उचित पाचन और उत्सर्जन में भी मदद करता है. कम पानी के सेवन से कब्ज, डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे हार्मोन असंतुलित हो सकते हैं और वजन बढ़ सकता है. शरीर से अतिरिक्त चर्बी कम करने के लिए आप गर्म पानी पिएं.



### 3. चीनी, प्रॉसेस्ड फूड ना लें

वजन घटाने का सबसे ईजी फॉर्मूला है कि आप अधिक मीठा, तली हुई चीजें, प्रॉसेस्ड फूड का सेवन कम से कम करें. यह फॉर्मूला हर उम्र के लोगों पर लागू होता है. इन खाद्य पदार्थों से परहेज करने से आपके लीवर पर कम दबाव पड़ता है, जिससे बेहतर पाचन और डिटॉक्स होता है. यह आपकी आंत में सूजन को भी कम करता है, जिससे आपके द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों से बेहतर रूप से पोषण अवशोषित कर पाता है.

### 4. श्वसन क्रिया और टहलना है जरूरी

चलने-फिरने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही से बना रहता है. प्रत्येक दिन शारीरिक रूप से 60 मिनट एक्टिव रहें. इसके लिए एक्सरसाइज करें. दौड़ें, टहलें. इससे शरीर की सभी कोशिकाओं को पर्याप्त पोषण और ऑक्सीजन मिलता है. श्वसन क्रिया आपके मन को शांति प्रदान करती है. आपको मन लगाकर खाने में मदद करती है. सोच-समझकर भोजन करें. शरीर की आवश्यकता से अधिक/कम खाने की कोशिश ना करें, क्योंकि यह लेप्टिन-ग्रेलिन (भूख और तृप्ति हार्मोन) के स्राव में सामंजस्य स्थापित करता है.

### 5. अच्छी नींद लेना

नींद हमारे शरीर से अतिरिक्त चर्बी कम करने का सबसे अच्छा तरीका है. रात 10 बजे तक सोने से लिवर डिटॉक्स होता है, क्योंकि रात 10 बजे से 2 बजे तक पित्त प्रधान समय होता है. इससे वजन तेजी से कम होता है. खासकर अगर आपने रात का खाना जल्दी खा लिया हो लगभग 7-8 बजे से पहले. तो आपको वजन कम करना है तो प्रतिदिन भरपूर नींद लेना जरूरी है.

## घंटों बैठे रहने पर भी पेट नहीं होता साफ

दिनभर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पेट का साफ रहना जरूरी होता है। अगर पेट साफ नहीं होगा तो आपको बार-बार वॉशरूम जाना पड़ सकता है। सुबह पेट साफ न होने की कई वजह हो सकती हैं। जैसे शरीर में पानी की कमी, खाना-खाने का गलत समय, नींद पूरी न होना और गलत खान-पान। पेट साफ न होने की समस्या से पीड़ित लोग दिनभर गैस-एसिडिटी, पेट दर्द और सीने में जलन जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इस परेशानी से निपटकर एक ही बार में पेट साफ करने के लिए आप इन तरीकों को अपना सकते हैं।



### तुरंत अपनाएं ये चीजें

1) पेट साफ करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप खूब पानी पीना शुरू कर दें। ऐसा करने पर शरीर से सभी टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके लिए सुबह सबसे पहले गुनगुने पानी को पीएं।

2) पेट साफ करने के लिए फाइबर से भरपूर चीजों को खाने में शामिल करें। ये आपके पाचन स्वास्थ्य को बनाए रखता है। फाइबर से पूर्ण चीजें मल त्याग को सही और नियमित रखती हैं। सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, गाजर, अमरूद जैसी चीजें फाइबर से भरपूर होती हैं।

3) कब्ज से पीड़ित लोगों के लिए सेब, नींबू और एलोवेरा जैसे फलों और सब्जियों के रस के मिक्स में पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में ये जूस कोलन मूवमेंट को ट्रिगर करके, पेट को साफ करते हैं।

4) एक बार में पेट साफ नहीं हो रहा है और अपच की समस्य हो तो पेट साफ करने के लिए आप एक गिलास गर्म पानी के साथ एक चम्मच हींग पाउडर डालकर पी सकते हैं।

5) पेट के लिए दही रामबाण मानी जाती है। एक रिसर्च के मुताबिक दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड पेट की समस्याओं में फायदा देता है। ऐसे में रोजाना की थीली में दही को शामिल करें या फिर खाने के बाद एक कटोरी दही खाएं या छाछ पीएं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बेहोश होकर गिरी दुल्हन, शादी के 11वें दिन ही मौत, जहरीली गैस बनी जान की दुश्मन

**औरैया.** यूपी के औरैया में शादी के 11वें दिन ही दुल्हन की दर्दनाक मौत हो गई है। नहाते समय बाथरूम में बेहोश होकर गिर गई थी। जब तक परिजन कुछ समय पाते और कुछ करते दुल्हन की मौत हो चुकी थी। हादसा दिबियापुर थाना क्षेत्र की चौकी व गांव कंचौसी में इलाके में स्थित ससुराल में हुआ। माना जा रहा है कि नहाते समय बाथरूम में लगे गैस गीजर से बनी जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हुई है। बताया गया कि चित्रा का विवाह 14 फरवरी को हिंदू रीति रिवाज से कंचौसी गांव थाना दिबियापुर निवासी अश्वनी गुप्ता के साथ हुआ था। रविवार को हादसे के समय अश्वनी अपने दूसरे मकान में गया था। अश्वनी की मिठाई की दुकान है।

### दरोगा और सिपाही चला रहे हनी ट्रैप गिरोह

**बरेली.** उत्तर प्रदेश के बरेली में पुलिस की शर्मनाक करतूत सामने आई है। किला चौकी इंचार्ज और सिपाही यूटबर के साथ मिलकर हनी ट्रैप गिरोह चला रहे थे। पुलिस ने लड़की से कारोबारी को होटल बुलाया और फिर शर्मनाक हरकतें की। सबने मिलकर बेकरी कारोबारी को फंसाकर सात लाख की रंगदारी मांगी। इस मामले में चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत छह के खिलाफ थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मामले की जानकारी होने पर रात में ही एसपी सिटी राहुल भाटी मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद चौकी इंचार्ज सौरभ, सिपाही कालेन्द्र, नावेद, आजाद, चांद अल्वी और सानिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

### कुत्ते से टकराकर पुलिस की गाड़ी से हुए हादसे में दो की मौत, घायलों को देखने पहुंचे CM योगी

**लखनऊ.** लखनऊ के अर्जुनगंज मरीमाता मंदिर के पास शनिवार शाम पुलिस की सूमो गाड़ी हादसे का शिकार हो गई थी। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों सहित 14 लोग घायल हो गए थे। कुछ घायलों को लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में भर्ती कराया गया था। रविवार को अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल एक नाबालिग लड़की सहित दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सीएम योगी ने इनके निधन पर शोक जताया और उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतकों के परिवारीजनों के लिए दो-दो लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। रविवार को केजीएमयू पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने डॉक्टरों से वहां भर्ती लोगों के इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने घायलों और तीमारदारों से बातचीत कर उन्हें बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया।

### खड़े ट्रक में घुसी कार, 4 की मौत

**मैनपुरी.** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मैनपुरी में कुर्रा थाना क्षेत्र में खड़े ट्रक में कार घुस गई। कार में सवार कोलकाता निवासी चार युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे सीओ करहल ने पुलिस बल के साथ सभी को कार से निकलवाया और मैनपुरी पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। सीओ संतोष कुमार सिंह का कहना है कि सभी युवक कोलकाता से अलीगढ़ जा रहे थे। लेकिन रास्ते में हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय जीशान, 22 वर्षीय आदिल, 27 वर्षीय अमन, 29 वर्षीय तौसीफ निवासी अलीगढ़ हाल निवासी रामनगर थाना रिज गार्डन कोलकाता के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम के लिए रवाना हो गए।

# NCB ने किया 2000 करोड़ के ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़

- तमिल फिल्म प्रोड्यूसर मास्टरमाइंड
- न्यूजीलैंड, मलेशिया तक होती थी सप्लाई



**नई दिल्ली.** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) और दिल्ली पुलिस ने शनिवार (24 फरवरी) को जॉइंट ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तारी किया, साथ ही इनके पास से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल आने वाले 50 किलोग्राम स्यूडोफेड्राइन केमिकल जब्त किया है।

NCB ने कहा कि ड्रग तस्करी नेटवर्क के मास्टरमाइंड की पहचान एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में की गई है। वह अभी फरार है। प्रोड्यूसर और उसकी गैंग ने सिर्फ 3 साल में करीब 2 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स की तस्करी की है। यह केमिकल 'मिक्स फूड पाउडर' और सूखे नारियल में छिपाकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भेजा जा रहा था।

NCB के उप महानिदेशक (DDG) ज्ञानेश्वर सिंह ने खुलासा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी को बताया कि उन्होंने पिछले तीन सालों में कुल 45 स्यूडोफेड्राइन शिपमेंट भेजे थे। इन शिपमेंट में लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोफेड्राइन था, जिसकी अनुमानित कीमत इंटरनेशनल मार्केट में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से मिली ड्रग्स रैकेट की जानकारी

NCB के DDG ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की ज्वाइंट टीम ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अधिकारियों की सूचना पर एक्शन लेते हुए इस नेटवर्क को तोड़ा है।

उन्होंने कहा कि 4 महीने पहले दोनों देशों के अधिकारियों ने सूचना दी थी कि भारत से सूखे नारियल के पाउडर में छिपाकर 'बड़ी मात्रा' में स्यूडोफेड्राइन वहां भेजा जा रहा है।

**क्या होता है स्यूडोफेड्राइन**

- स्यूडोफेड्राइन एक तरह का केमिकल है जिससे मेथाफेटामीन बनाया जाता है। यह एक तरह का ड्रग है जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में भारी डिमांड है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इस ड्रग की कीमत 1.5 करोड़ रुपए प्रति किलो है। अगर कोई स्यूडोफेड्राइन को रखता है या फिर उसकी ट्रेडिंग करता है तो उसे 10 साल तक की सजा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन से सूचना मिली कि इन कंसाइनमेंट का सोर्स दिल्ली है। ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि जॉइंट टीम के अधिकारियों ने कड़ियों को जोड़ा और 15 फरवरी को वेस्ट दिल्ली के बसई दारापुरा के एक गोदाम पर छापा मारा।

# चुनाव का फेक शेड्यूल सोशल मीडिया पर वायरल

- चुनाव आयोग बोला- हम प्रेस कॉन्फ्रेंस से ऐलान करते हैं, वॉट्सऐप मैसेज से नहीं




**नई दिल्ली.** भारतीय चुनाव आयोग (ECI) ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फेक इलेक्शन शेड्यूल पर स्पष्टीकरण दिया है। ECI ने शनिवार (24 फरवरी) को कहा कि इलेक्शन शेड्यूल की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए की जाती है, न कि टैक्स्ट और वॉट्सऐप मैसेज से। दरअसल सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया गया है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को हैं। इसे लेकर चुनाव आयोग ने कहा कि वायरल लेटर फर्जी है। ECI ने एक्स पर लिखा- वॉट्सऐप पर #LokSabhaElections2024 के शेड्यूल के बारे में एक फर्जी मैसेज शेयर किया जा रहा है। #FactCheck: यह संदेश #फर्जी है। #ECI द्वारा अब तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। ECI ने कहा कि आयोग द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाती है। आयोग ने है श टै ग #VerifyBeforeYouAmplify लिखकर लोगों से अपील की कि मैसेज फॉरवर्ड करने से पहले फैक्ट्स को वेरीफाई करना चाहिए।




# नाशिक में शख्स ने डॉक्टर के गले पर किए 18 वार

**नासिक.** नासिक में शुक्रवार की रात एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की हत्या की कोशिश हुई। आरोपी शख्स ने डॉक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से 18 बार हमला किया। ये पूरी वारदात CCTV कैमरे में कैद हो गई। इसमें देखा जा सकता है कि डॉक्टर फोन पर बात कर रहे हैं। इसी दौरान आरोपी ने उन पर हमला कर देता है। फिलहाल डॉक्टर का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर है। घटना नासिक पंचवटी के सुयोग नाम के निजी अस्पताल में शुक्रवार रात 9 बजे की है। हादसे में गंभीर रूप से घायल शख्स का नाम डॉक्टर कैलास राठी है, जबकि आरोपी का नाम राजेन्द्र मोरे है। पुलिस आरोपी को ढूढ़ने में जुटी हुई है। मामले में पुलिस ने बताया कि डॉक्टर कैलास राठी और आरोपी राजेन्द्र मोरे के बीच जमीन के सौदे को लेकर 2 साल से विवाद चल रहा था। घटना की रात आरोपी राजेन्द्र मोरे डॉक्टर कैलाश से अपने पैसे मांगने हॉस्पिटल गया। कुछ देर बाद मौका मिलते ही डॉक्टर के गले पर धारदार हथियार से कई बार हमला करके भाग गया।

# PM मोदी बोले- 3 महीने मन की बात नहीं होगी

## लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक मर्यादा का पालन करेंगे, देश की उपलब्धियां नहीं रुकेंगी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया। पीएम ने कहा कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



उन्होंने आज के एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। पीएम ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी! लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है।

वहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा कि अगले तीन महीने मन की बात का प्रसारण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में तीन महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा। पीएम ने कहा कि मन की बात रुक रहा है, देश की उपलब्धियां नहीं रुक रहीं।

### 11 विदेशी भाषाओं में भी होता है ब्रॉडकॉस्ट

मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है।

# हल्द्वानी हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अंततः गिरफ्तार

- 10 दिन की मिली पुलिस हिरासत



**हल्द्वानी.** हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी की अब जेल में रात कटेगी। दिल्ली में गिरफ्तार करने के बाद मलिक को सेशन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मलिक को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मलिक से जुड़े मामले में पुलिस के अनुरोध को स्वीकार किया है।

कोर्ट ने अब्दुल मलिक को 6 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखने की अनुमति दे दी है। इस अवधि के बाद मामले की आगे की कार्यवाही तय की गई है। विदित हो कि आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी नीलेश भरणे ने बताया कि राज्य के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार करने वाली उत्तराखंड पुलिस टीम को 50,000 रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

हल्द्वानी हिंसा में शामिल दंगा में शामिल 70 लोगों से ज्यादा गिरफ्तार हो चुके हैं। आपको बता दें कि नगर निगम ने हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक के खिलाफ 2.44 करोड़ रुपये का रिकवरी नोटिस जारी किया है।

हल्द्वानी हिंसा में झड़प के दौरान सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए पैसे जमा करने को कहा गया है। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई और 250 पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे। पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा में शामिल दंगाइयों के घरों की कुर्की भी की थी।

# 'लोकतंत्र और संविधान बचाने की चुनौती'

- राहुल संग अखिलेश
- 7 साल बाद 'दो लड़कों' ने साझा किया मंच



**लखनऊ.** सात साल पहले मशहूर हुई 'यूपी के दो लड़कों' की जोड़ी रविवार को आगरा में नजर आई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहली बार शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। प्रियंका ने कहा कि आज भारत जोड़ो यात्रा में अखिलेश यादव के पहुंचने से बहुत खुशी का दिन है। अखिलेश यादव ने यात्रा को संबोधित करने के बाद राहुल और प्रियंका गांधी के साथ लाल जीप पर रोड शो भी किया। इससे पहले अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने 2017 में एक साथ मंच साझा किया था और यूपी विधानसभा का चुनाव मिलकर लड़ा था। सात साल बाद राहुल और अखिलेश एक साथ यूपी में किसी सार्वजनिक मंच पर दिखाई दिए हैं।

# PM मोदी ने द्वारका देखने के लिए समुद्र में लगाई डुबकी

**द्वारका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। यहां उन्होंने गहरे समुद्र में पानी के अंदर डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने उस स्थान पर प्रार्थना की जहां जलमग्न द्वारका शहर है। आपको बता दें कि भगवान श्री कृष्ण द्वारका के राजा थे। पीएम मोदी ने इस दौरान शहर की भव्यता और समृद्धि को याद करते हुए अपनी श्रदांजलि अर्पित की। डुबकी लगाने से पहले उनकी कमर पर मोर के पंख भी बंधे थे।

उन्होंने कहा, "पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव



महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें।"

आपको बता दें कि गुजरात के ओखा में बने सुदर्शन सेतु का लोकार्पण करने के बाद श्री कृष्ण की नगरी द्वारका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार को जनसमूह ने 'जय द्वारकाधीश' के गगनभेदी जयघोष के साथ भावपूर्ण स्वागत किया।

द्वारका हेलिपैड से सड़क मार्ग से जगत मंदिर में भगवान श्री द्वारकाधीश के दर्शन करने निकले श्री मोदी का मार्ग में जगह-जगह नागरिकों द्वारा अभिवादन किया गया। ओखा मंडल क्षेत्र की विशेष पहचान को उजागर करने वाले परम्परागत परिधानों से सुसज्जित ग्रामीणों के अलावा नगरजन भी मार्ग पर उनके स्वागत-सत्कार के लिए भारी संख्या में खड़े थे। कई महिलाएं गरबा नृत्य कर रही थीं, जबकि कृष्ण भक्ति के सुगम संगीत, ढोल और शहनाई की धुन के साथ खड़ा जनसमूह उनकी एक झलक देखने को आतुर था।

# अश्विन ने पंजा खोलकर की 'महारिकॉर्ड' की बराबरी



- अनिल कुंबले से छिनने वाला है ये ताज

अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रविवार को इंडिया वर्सेस इंग्लैंड रांची टेस्ट में कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में पंजा खोला, जिससे इंग्लैंड की टीम 145 रन पर ढेर हो गई। अश्विन ने 15.5 ओवर में 51 देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने बेन डकेट (15), ओली पोप (0), जो रूट (11), बेन फॉक्स (17) और जेम्स एंडरसन (0) का शिकार किया। अश्विन ने एक 'महारिकॉर्ड' की बराबरी कर ली है। वह जल्द ही भारत के लिए सबसे ज्यादा फाइफर लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। अश्विन और पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले फिलहाल बराबरी पर हैं।

अश्विन ने 99 टेस्ट में अब तक 35 बार पांच विकेट हॉल लिया है। वहीं, कुंबले ने 132 मैचों में इतने फाइफर हासिल किए। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक फाइफर लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के महान स्पिनर मुथिया मुरलीधरन के नाम दर्ज है, जिन्होंने 133 टेस्ट में 67 मर्तबा पांच विकेट हॉल लिया। वहीं, अश्विन ने एक धांसू रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत में 354 शिकार किए हैं। उनके बाद लिस्ट में कुंबले हैं, जिन्होंने 350 टेस्ट विकेट झटके।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा फाइफर लेने वाले गेंदबाज**

67 - मुरलीधरन (133 टेस्ट)
37 - शेन वार्न (145)
36 - रिचर्ड हैडली (86)
35 - रविचंद्रन अश्विन (99)
35 - अनिल कुंबले (132)

# बिना ड्राइवर 78 किमी. दौड़ी मालगाड़ी

- स्टार्ट कर हैंडब्रेक लगाना भूला
- जम्मू से पंजाब पहुंची ट्रेन
- लकड़ी के स्टॉपर लगाकर रोका गया



**कठुआ.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ से मालगाड़ी (14806R) बिना ड्राइवर-गार्ड के चल कर पंजाब पहुंच गई। करीब 78 किलोमीटर तक मालगाड़ी ऐसे ही दौड़ती रही। होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लकड़ी के स्टॉपर लगाकर उसे रोका गया। घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जांच के आदेश दिए हैं।

कठुआ रेलवे स्टेशन पर ड्राइवर मालगाड़ी का इंजन स्टार्ट कर बिना हैंड ब्रेक लगाए नीचे उतर गया था। पठानकोट की तरफ ढलान होने की वजह से मालगाड़ी चल पड़ी।

रेलवे के अधिकारियों को मालगाड़ी के चलने का पता चला तो उसे कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वह सफल नहीं हुए। कुछ देर में मालगाड़ी ने रफ्तार पकड़ ली। देखते ही देखते मालगाड़ी की रफ्तार 80/KM प्रति घंटे तक पहुंच गई।

### कई स्टेशनों पर रोकने की कोशिश की

कठुआ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने तुरंत पंजाब के पठानकोट में सुजानपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया। वहां भी ट्रेन को रोकने की कोशिश की गई। रेलवे लाइन पर स्टॉपर लगाए गए। इस बार भी कोशिश विफल रही और मालगाड़ी स्टेशन क्रॉस कर गई। इसके बाद मालगाड़ी को पठानकोट कैंट, कंडरोड़ी, मीरथल, बंगला और मुकेरियां में भी रोकने की कोशिश की गई।

धीरे-धीरे मालगाड़ी की रफ्तार कम होती चली गई। आखिर में होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर लगाए गए लकड़ी के स्टॉपर से मालगाड़ी रुक गई।

### रेलवे ट्रैफिक मैनेजर बोले- जांच शुरू की

जम्मू रेलवे डिवीजन ट्रैफिक मैनेजर ने बताया कि घटना का कारण जानने की कोशिश की जा रही है। भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए किसी भी संभावित सुरक्षा चूक की पहचान करने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# INLD के हरियाणा अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या

**झज्जर.** इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। झज्जर जिले के बहादुरगढ़ कस्बे में हमलावरों ने राठी की कार को निशाना बनाया। हमले के बाद गंभीर रूप से घायल राठी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस गोलीबारी में पार्टी के दो अन्य कार्यकर्ताओं की भी मौत हो गई है, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।



**गोलीबारी कर भाग गए हमलावर**

हमले के दौरान राठी और उसके साथी वाहन के अंदर थे तभी एक कार में आए लोगों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। हमले के बाद हमलावर मौके से भाग गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी ब्रह्म शक्ति संजीवनी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर राठी को मृत घोषित कर दिया गया। आईएनएलडी के मीडिया सेल के प्रमुख राकेश सिहाग ने घटना में नफे सिंह राठी की मौत की पुष्टि की है।

# यात्रियों के लिए खुशखबरी, अब सिक्किम तक दौड़ेगी ट्रेन

- पहले रेलवे स्टेशन की PM मोदी रखेंगे आधारशिला

**नई दिल्ली.** रेलवे यात्रियों के लिए एक और खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सिक्किम के पहले रेलवे स्टेशन रंगपो स्टेशन की आधारशिला रखेंगे। अलीपुरद्वार के डिप्टी रेलवे मैनेजर अमरजीत अग्रवाल ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'सिक्किम के पास अब तक कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। मगर, अब रंगपो स्टेशन के तौर पर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सिक्किम के पर्यटन और रक्षात्मक लिहाज से यह अहम कदम है। सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले फेज में सेवोके से रंगपो तक, दूसरे चरण में रंगपो से गंगटोक तक और तीसरे फेज में गंगटोक से नाथुला तक स्टेशन तैयार होगा।'

अलीपुरद्वार के डीआरएम ने कहा कि यह सिक्किम के लोगों के लिए कनेक्टिविटी का तीसरा जरिया बनेगा। अभी तक लोग यहां सड़क और हवाई मार्ग से ही पहुंचते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वैसे तो इस



प्रोजेक्ट को 2024 तक ही पूरा कर लिया जाना था, मगर बाढ़ और भूस्खलन जैसे कारणों से इसे पूरा करने की अवधि बढ़ा दी गई। अब इसे 2025 तक पूरा कर लेने का टारगेट रखा गया है।' अग्रवाल ने कहा कि सेवोके असम लिंक प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट है। यह सिलीगुड़ी रेलवे स्टेशन से 26 किलोमीटर दूर स्थित है। अब सेवोके स्टेशन को भी अपग्रेड किया जा रहा है। सेवोके-रंगपो प्रोजेक्ट 45 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना है। 45 किमी में से साढ़े 3 किमी तक इसका हिस्सा सिक्किम में आता है। साथ ही साढ़े 41 किमी पश्चिम बंगाल का हिस्सा है।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर कहा, 'इस परियोजना में 14 सुरंगें, 13 बड़े पुल और 9 छोटे पुल शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट का 60-65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अगले महीने से ट्रैक का काम शुरू हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि इस परियोजना का 86 फीसदी एलाइनमेंट सुरंग में होना है और सुरंग से बाहर खोदना चुनौतीपूर्ण काम है। निदेशक ने कहा कि इसे खोदना आसान नहीं रहने वाला है, क्योंकि चट्टानें बहुत मजबूत नहीं हैं। फिलहाल एक महीने में 15 मीटर तक खुदाई की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि तीस्ता बाजार स्टेशन अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन हो सकता है। यह सेवोके से रंगपो रेल प्रोजेक्ट के बीच में आता है।

### बिहार में भीषण सड़क हादसा, 9 की मौत

भभुआ में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मोहनिया में जीटी रोड पर देवकली गांव के पास सिक्स लेन पर स्कॉर्पियो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों वाहनों अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंचे गए। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों वाहनों को कुचल दिया। जिसमें 9 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस भीषण हादसे के बाद से हाइवे पर कोहराम मच गया। चीर-पुकार मच गई। मदद के लिए लोग दौड़ पड़े। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

## संक्षेप...

### बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**ठाणे.** विटावा पुल के पास रविवार को सुबह लगभग सवा आठ बजे राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में आग लग गई. हालांकि बस में बैठे सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकल लिया गया. एसटी बस 40-45 यात्रियों को लेकर खोपट बस डिपो से रायगढ़ जिले के पाली जा रही थी. बस विटावा पहुची थी तभी उसके इंजन में अचानक आग लग गई. एक पुलिस कांस्टेबल ने तुरंत आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को इसकी जानकारी दी. सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला गया, कोई हताहत नहीं हुआ. अधिकारी ने बताया कि बस आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

### धाकटा खांदा और पनवेल में मिले शव

**नवी मुंबई.** धाकटा खांदा और पनवेल में 2 युवकों के शव मिलने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. रविवार की सुबह में धाकटा खांदा के गणपति तालाब में एक युवक का शव मिला. जिसके बारे में ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कामोठे पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला. पुलिस को मृतक की जेब से कुछ दस्तावेज और फोटो मिले हैं.

### पनवेल में भी युवक का शव मिला

वहीं पनवेल शहर में भी एक युवक का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है. जिसे पनवेल शहर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. मृतक की उम्र लगभग 40 साल है. मृतक का दाहिना पैर पर पुराने घाव हैं, जिसकी उसके पैर में सूजन देखी गई है.

### आज बदलापुर में होम प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

**बदलापुर.** बदलापुर रेलवे स्टेशन के होम प्लेटफॉर्म और टिटवाला पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज का उद्घाटन आज रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे द्वारा किया जाएगा. इन दोनों कार्यों से बदलापुर और टिटवाला के लाखों नागरिकों को राहत मिलेगी. रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे शाम पांच बजे टिटवाला रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर को यातायात के लिए खोलेंगे. शाम 6 बजे बदलापुर रेलवे स्टेशन पर होम प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया जाएगा. दोनों स्थानों पर कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल करेंगे. इस मौके पर बीजेपी विधायक किसन कथोरे, विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर आदि गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे.

# राज ठाकरे ने EVM पर उठाए सवाल !

**मुंबई.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर राज ठाकरे ने कहा "ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग होनी चाहिए. मेरा सवाल है कि, अगर दुनिया में हर जगह मतपत्र से मतदान होता है, तो भारत में ईवीएम से क्यों होता है.₹ दरअसल राज ठाकरे लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश भर में अपने दौरे के तहत कल्याण में थे. यहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए न सिर्फ ईवीएम बल्की राज्य की सियासत और दूसरे कई मुद्दों पर बयान दिया.

उन्होंने राज्य की सियासत को लेकर कहा कि मैंने महाराष्ट्र में राजनीति की वर्तमान स्थिति कभी नहीं देखी है. अब लोगों को उन्हें न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है नहीं तो वे यही सोचते रहेंगे कि कोई हमारा पीछा नहीं करेगा और अगर समय रहते जनता ने कदम नहीं उठाया तो महाराष्ट्र की राजनीति और डूब जाएगी. इसके



अलावा उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में फरवरी के महीने में ही पानी की हालत ख़राब हो जाती है, कई हिस्सों में सूखा पड़ जाता है, लेकिन इन सब पर लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता, बल्की जाति का सहारा लिया जाता है.

### शरद पवार पर भी साधा निशाना

राज ठाकरे ने शरद पवार पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कभी छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम नहीं लेने वाले शरद पवार को आज उनकी याद आई. उन्होंने कहा कि शरद पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम शायद इसलिए नहीं लिया क्योंकि उन्हें लगा कि अगर वो उनका नाम लेगें तो मुसलमानों का वोट कट जाएगा और अब उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की याद आ रही है. उन्होंने आगे कहा कि, हमने अपने महापुरुषों को जातियों में बांट दिया है. (बता दें कि, हाल में ही राज ठाकरे के एनडीए में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं, जब मुंबई बीजपी के प्रमुख अशीष सोलार ने राज ठाकरे से मुलाकात की थी. दोनों की ये मुलाकात राज ठाकरे के शिवाजी पार्क स्थित घर में हुई थी.

# भिवंडी में अडानी ब्रांड नाम का नकली तेल बरामद

■ **2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने अडानी विलमर ब्रांड का नकली तेल बेचने वाले दुकान मालिक व नौकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने शनिवार की दोपहर में 3 बजे के करीब धामनकर नाका स्थित सौराष्ट्र आइल डेपो व श्रीगणेश आईल डेपो पर छापा मारा. यहां पर अडानी विलमर ब्रांड नाम का नकली तेल विक्री के लिए रखा हुआ था. पुलिस ने यहां से कुल 1 लाख 95 हजार 475 रुपए का नकली तेल जब्त किया है. इस संबंध में अडानी विलमर के कर्मचारी जाफर यूसुफ शेख ने शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने अनवर चिमणशहा दिवान (53) व राजू भिमराय पुजारी (32) के खिलाफ व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 की धारा 103, 104 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक विजय कोली जांच कर रहे हैं.

# CM शिंदे और श्रीकांत शिंदे को मारने की धमकी



**पुणे.** महाराष्ट्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुणे से एक 19 साल के लड़के को गिरफ्तार किया गया है। इस लड़के ने सीएम एकनाथ शिंदे और उनके बेटे को मारने की धमकी दी थी। आरोपी लड़के को मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने गिरफ्तार किया।

### क्या है पूरा मामला?

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को सोशल मीडिया के जरिए जान से मारने की धमकी मिली थी। पुलिस ने आरोपी को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की पहचान शुभम वारकड के रूप में हुई, जिसकी उम्र 19 साल है। मिली शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ IPC की धारा 506(2) और 505(1)(B) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी है। अप्रैल 2023 में भी सीएम शिंदे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। ये धमकी पुलिस कंट्रोल रूम को एक शख्स ने कॉल करके दी थी। इस शख्स ने सीएम शिंदे को उड़ाने की धमकी दी थी। मुंबई पुलिस ने नंबर के आधार पर आरोपी की लोकेशन का पता लगाया था और उसे हिरासत में लिया था। सीएम शिंदे को इससे पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है। उन्हें जान से मारने की धमकी वाला पत्र भी मिला था।

### तड़ीपार आरोपी छुरे से साथ पकड़ा गया

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने भिवंडी से 2 साल के लिए तड़ीपार किए गए अपराधी को नारपोली छोटा जकात नाका के पास से हिरासत में लिया है. उसके पास से एक छुरा भी जब्त किया गया है. शिवाजी नगर, अंजुर फाटा स्थित हनुमान मंदिर के पास रहनेवाला अनिल किसन चव्हाण (32) को पुलिस उपायुक्त परिमंडल-2 के आदेशानुसार 2 साल के लिए ठाणे, मुंबई, नवी मुंबई वा पालघर जिले से तड़ीपार किया गया है. उक्त आदेश 14 सितंबर 2023 को जारी हुआ था. लेकिन आरोपी अनिल चव्हाण पुलिस की आंखों में धूल झोंककर भिवंडी में ही रह रहा था. शनिवार की रात 10.35 बजे के करीब पुलिस ने नारपोली छोटा जकात नाका, वसई रोड, भिवंडी से उसे हिरासत में लिया और उसके पास से एक छुरा भी बरामद हुआ. नारपोली पुलिस ने आर्म्स एक्ट क्र. 4, 25 व महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 37 (1), 135 व 142 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# 'कभी पूरी नहीं हुई मोदी की गारंटी'

■ **शरद पवार ने PM पर साधा निशाना**

**पुणे.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से देश के लोगों की दी गई 'गारंटी' या वादे कभी पूरे नहीं हुए। वह पुणे में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कार्यकर्ताओं की पहली सभा में बोल रहे थे। इस दौरान महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी) नेता सचिन अहीर भी मौजूद थे।

पवार ने कहा, आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। महाराष्ट्र और देश में (आगामी आम चुनाव) बदलाव देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री देश को एक अलग रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। देश के शासक लोगों की भलाई के लिए काम नहीं कर रहे हैं। किसान गहरे संकट में हैं। उन्होंने दावा



किया कि किसान एक साल से ज्यादा समय से केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन वह उन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी कहां है? पीएम मोदी ने कई वादे किए लेकिन वे कभी पूरे नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी ने भोपाल में कहा कि राकांपा भ्रष्ट पार्टी है। मैं इस बयान को चुनौती देता हूं। अगर महाराष्ट्र सहकारी बैंक या सिंचाई परियोजनाओं में किसी तरह का घोटाला होता है तो जांच होने दें।

### भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का समय



वहीं, कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, राज्य के लोगों को नशीली दवाओं के बड़े कारोबार से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने मराठा और धनगर समुदायों को आरक्षण को लेकर आश्वासन दिए, लेकिन उन्हें पूरा करने में विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने मराठा और ओबीसी समुदायों के बीच संघर्ष पैदा किया। पटोले ने कहा, यही समय है कि कई पाप करने वाली भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाए।

सरकार विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करके और ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

### फडणवीस ने शरद पवार पर कटाक्ष किया

वहीं, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, राकांपा के विभाजन के बाद राजनीतिक मजबूरियों के कारण शरद पवार को चालीस साल में पहली बार रायगढ़ किले का दौरा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, उप मुख्यमंत्री अजित पवार को उनके चाचा के किले के दौरे का श्रेय दिया जाना चाहिए। रायगढ़ किले ने मराठा इतिहास में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। मरा साम्राज्य के राजा का ताज पहनाए जाने के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज ने पहाड़ी किले को अपनी राजधानी के रूप में चुना था।

# छात्र संकेत भोसले हत्याकांड में नया मोड़

## उकसाने वाली महिलाओं की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ आरोपियों को मौत की सजा की मांग

■ **24 घंटे में महिलाओं की गिरफ्तारी न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** नाबालिग छात्र संकेत सुनील भोसले की बेरहमी से पिटाई और उसकी मौत के कारणों में शामिल महिलाओं की शीघ्र गिरफ्तारी और आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग भिवंडी राकांपा शहर महिला अध्यक्ष स्वाती काम्बले के नेतृत्व में महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस सहायक आयुक्त से की है। स्वाती कांबले ने पुलिस को चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के अंदर वीडियो में दिख रही महिलाओं को गिरफ्तार नहीं किया गया उसके



बाद वह पुलिस कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगी।

भिवंडी पश्चिम विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में भिवंडी शहर राकांपा (अ) जिला महिला अध्यक्ष स्वाती कांबले ने बताया है कि भिवंडी शहर के वरालादेवी नगर, धामनकर नाका निवासी 16 वर्ष के नाबालिग छात्र संकेत सुनील भोसले का अपहरण कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गयी। उक्त घटना दलित बस्ती में दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले भी विकी ढेपे की पीटकर हत्या कर दी गयी थी दोनों एक अमानवीय नरसंहार है। राकांपा नेता स्वाती कांबले ने निवेदन में बताया है कि उक्त नाबालिग लड़के की पिटाई का वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल हो गया, वीडियो में दिख रही महिला भी मृतक को पीटने के लिए और जलाने के लिए उकसा रही है जो उस वीडियो में भी सुना जा सकता है। उक्त महिला का इस तरह का कृत्य घोर दंडनीय अपराध है। संकेत भोसले की गंभीर पिटाई और मौत के लिये जो महिलाएं इसमें शामिल हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और मौत की सजा दी जानी चाहिए। अमानवीय हत्याकांड में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इस अपराध में आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि कोई गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई ?देश का दलित समाज कानून का पालन करने वाला समाज है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से समाज में असंतोष पैदा हो रहा है। पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द उक्त महिलाओं की जांच कर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करें अन्यथा पुलिस कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन किया जाएगा।

### राजनोली के पास टेम्पो से 600 किलो गोवंश का मांस जब्त

**भिवंडी.** कोनगांव पुलिस ने राजनोली नाका के पास एक टाटा टेम्पो से 600 किलो गोवंश का मांस जब्त करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. जब्त किए गए माल की कीमत 2 लाख रुपए है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह 5.40 बजे के करीब ठाणे-नाशिक हाइवे पर राजनोली नाका के पास अतिथि होटल के सामने टाटा टेम्पो (क्र. एमएच 03 डीवी 8098) पकड़ा. टेम्पो में 500 से 600 किलो गोवंश का मांस रखा हुआ था. जिसकी कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने टेम्पो के ड्राइवर अब्दुल रहमान अली मोहम्मद खान (43) व उसका साथी रहेमन मोहम्मद ताज शाह (24) को गिरफ्तार कर लिया है. कोनगांव पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण कायदा 1995 के गोवंश हत्याबंदी कायदा 2015 की धारा 5, 5 (अ), 5 (ब), 5 (क), 9 (अ), के तहत अपराध दर्ज किया

# स्वच्छता मुहिम के अंतर्गत सड़कों व नालों की सफाई



**ठाणे.** शहर में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संकल्पना के अनुसार मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सर्वकष स्वच्छता अभियान चल रहा है।इस मुहिम के तहत मुंब्रा प्रभाग समिती में सड़क,फुटपाथ, नाले, डिवाइडर आदि को साफ किया गया।मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर के मार्गदर्शन में मनपा क्षेत्र में सफाई अभियान जोरों पर चल रहा है इसमें नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

मुंब्रा में सुबह 6:15 से आत्माराम चौक, रेती बंदर, दत्तवाडी. मुंब्रा स्टेशन परिसर, मुंब्रा मार्केट, मुंब्रा बायपास, न्यू मित्तल रोड, स्टेडियम रोड, गुलाब पार्क मार्केट परिसर, किस्मत कॉलनी परिसर, कादर पॅलेस, ठाकूरपाडा, संजय नगर, आनंद कोलीवाडा, बाबाजी पाटील वाडी, शंकर मंदिर परिसर, अमृतनगर आदि जगहों पर सफाई किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त1 संदीप मालवीय, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे,उपायुक्त तुषार पवार, उपनगर अभियंता गुणवंत झबरे,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे सहित अधिकारी व कर्मचारी इस अभियान में शामिल थे।

# एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने भंसाली को दिया धन्यवाद

संजय लीला भंसाली के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने 'हीरामंडी' के सेट से तस्वीरें साझा कीं और उन्हें कभी हार न मानने देने के लिए धन्यवाद दिया. अदिति ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा कीं. एक तस्वीर में सेट पर अभिनेत्री-फिल्म निर्माता के साथ बातचीत कर रही हैं जबकि दूसरी में दोनों की एक सेल्फी है. अदिति ने लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो मेरे सबसे प्यारे संजय सर. अंतहीन प्रेरणा के लिए धन्यवाद, आपके प्रतिभाशाली दिमाग के लिए धन्यवाद, हमें कभी हार न मानने देने के लिए आपके दिली प्यार के लिए आपका धन्यवाद!.

उन्होंने आगे लिखा कि आपके उग्र जुनून के लिए, सबसे अद्भुत शिक्षक होने के लिए, अंतहीन सुंदरता, विस्तार, हंसी, संगीत, नृत्य, सबसे स्वादिष्ट घर का नाश्ता जो अक्षय पात्र की तरह है, के लिए धन्यवाद.' अभिनेत्री ने आगे कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद. संजय सर, आपके होने के लिए धन्यवाद. आप हमेशा उन सभी से घिरे रहें जिनसे आप प्यार करते हैं और वे सभी लोग जो आपसे प्यार करते हैं, लव यू सर.'

आगामी वेब सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा. इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख हैं. यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से हीरामंडी जिले की सांस्कृतिक हकीकत की पड़ताल करती है.



# समाजिक संकल्प का महाभियान अश्वमेध महायज्ञ : नरेन्द्र मोदी

## गायत्री परिवार का पांच दिवसीय मुंबई अश्वमेध महायज्ञ पूर्णाहुति संग सम्पन्न



■ **करोड़ों लोगों ने दी आहुतियां दीं**

■ **नारी सशक्तीकरण और नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया**

धर्मेंद्र उपाध्याय

**ठाणे.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुंबई अश्वमेध महायज्ञ को दिये अपने संदेश में कहा कि यह यह सामाजिक संकल्प का महाभियान हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से युवाओं को नशा और दुर्व्यसन से मुक्ति दिलाने का जो आह्वान लिया और दिया गया है, यह युवाओं को इससे अलग करते हुए राष्ट्र निर्माण में उत्सर्जित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अश्वमेध महायज्ञ में सशरीर शामिल नहीं होने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब उन्हें यज्ञ में सम्मिलित होने का आमंत्रण मिला, तो उसके सामने चुनावी वर्ष में यज्ञ शामिल होने अथवा न होने की दुविधा हो गयी थी, क्योंकि अश्वमेध यज्ञ को लेकर आम सोच सत्ता विस्तार को जोड़कर देखती है। पर, बाद में जब उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का ध्यान किया तो दुविधा समाप्त हो गयी और उन्होंने समयाभाव में अश्वमेध महायज्ञ से आनलाइन जुडने का निश्चय किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार और उसके सभी साधकों को अश्वमेध यज्ञ की सफल समापन की बधाई देते हुए कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का हर आयोजन पवित्रता के साथ सम्पन्न होती है, यह गौरव की बात होती है। अश्वमेध महायज्ञ के माध्यम से युवाओं के चरित्र का जो संकल्प लिया है, वह राष्ट्र के निर्माण है। अमृतकाल में युवाओं पर राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं चालीस वर्ष गायत्री परिवार से जुडा हूं और गायत्री परिवार के कार्यों से परिचित हूं। उन्होंने पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी और माता भगवती देवी शर्मा जी के संकल्पों को पूर्ण करने आवाहन किया। अश्वमेध महायज्ञ की सफल समापन पर प्रधानमंत्री ने डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं उनकी टीम को बधाई दी।

इसके साथ विश्व के सामने नए भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत करने के संकल्प के साथ दी गई पूर्णाहुति के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार आयोजित मुंबई अश्वमेध महायज्ञ का का सफल समापन हो गया। अश्वमेध महायज्ञ का आरंभ बुधवार 21 फरवरी को पांच किलोमीटर कलश यात्रा के साथ हुआ था। महायज्ञ में कला, राजनीति और फिल्मी दुनिया की बड़ी हस्तियों ने भी आम श्रद्धालुओं की तरह पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ भाग लिया और अलग-अलग दिन अपनी आहुतियां डाली। रविवार सुबह महायज्ञ के अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति के अवसर पर अश्वमेध नगर में साधकों की भारी भीड़ जुटी। यज्ञ में अपनी आहुति डालने को बच्चे बुजुर्ग और महिला पुरुष सभी पहुंचे और सभी ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी अपनी आहुतियां दी। विशेष बात यह रही थी, यज्ञ में आरती देने वाले सभी साधकों ने साथ पर्यावरण संवर्धन और संरक्षण के भाव संग एक-एक पौधा लेकर वापसी की। व्यसन मुक्त राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर पांच दिवसीय अश्वमेध महायज्ञ में प्रतिदिन साढे पांच लाख से अधिक आहुतियां दी गयी। पांच दिन में इसकी संख्या 27 लाख से अधिक रही। आहुति के साथ साथ लाखों की सख्या में यज्ञशाला देवमंच की परिक्रमा की। अंतिम दिन जसलोक अस्पताल, रोटरी क्लब मुंबई रायल्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS
आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577
इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21 Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099